## खबर संक्षेप

### अलग अलग कारणों से तीन व्यक्तियों की मौत

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत लमतरा ब्रिज के ऊपर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दुर्जनपुर (कैमोर) निवासी विनोद विश्वकर्मा 45 वर्ष जो वर्तमान में लमतरा में रह रहा था 23 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। मृतक की पत्नी की सूचना पर कुठला पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मामला दर्ज किया है। इसी तरह उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम बरेली स्थित नर्मदा नहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंचम प्रसाद नेती 55 वर्ष निवासी बरगी नगर जबलपुर के रूप में हुई है। आशंका जताई जा रही है कि घटना 21 अप्रैल की रात और 23 अप्रैल की सुबह के बीच हुई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को नहर से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत बरहटी गांव में 19 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। मृतक अतीत सिंह को गंभीर हालत में शासकीय अस्पताल विजयराघवगढ़ ले जाया गया था, जहाँ इलाज के दौरान दोपहर में उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसकी जांच की जा रही है।

### 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन अब 26 तक

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने गुरुवार को विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया है। वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 26 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में मंडल ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि को बढ़ा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2026 थी। अब विद्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 26 अप्रैल तक हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा के आवेदन कर सकते हैं। शेष नियम-निर्देश पूर्ववत रहेंगे।

### आरटीई के अंतर्गत स्कूलों में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत प्रथम चरण की लॉटरी में चयनित निजी स्कूलों में एडमिशन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12 (1) (ग) के प्रभावी क्रियान्वयन के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर-अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए 2 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक ने जिला अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि किसी पालक द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि उनके बच्चे को आवंटित निजी विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है, तो इस पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे में वाहन के अंदर मिली थी लाश

# पैसों के लिये किया कत्लः ट्रक ड्राइवर की हत्या के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे पर हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया व्हील पाना और मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना स्लीमनाबाद प्रभारी कार्य. निरीक्षक सुदेश कुमार के नेतृत्व में की गई।




### वाहन के अंदर मिली थी लाश

पुलिस के अनुसार 10-11 अप्रैल 2026 की दरम्यानी रात डायल 112 को सूचना मिली थी कि छपरा नेशनल हाइवे रोड पर वाहन क्रमांक MP 20 GA 6242 में एक व्यक्ति लहूलुहान हालत में पड़ा है। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान मृतक की पहचान राकेश दाहिया 42 वर्ष निवासी खितौला सिहोरा जबलपुर के रूप में हुई, जो पेशे से ड्राइवर था।

### सीसीटीवी फुटेज से की गई संदिग्धों की पहचान

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों की तलाश शुरू की। मृतक के परिजनों एवं वाहन मालिक से पूछताछ की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं मृतक के आने-जाने वाले स्थानों के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से निरीक्षण कर अज्ञात संदिग्धों की पहचान की गई।

### हिरासत में लेकर पूछताछ में आरोपितों ने कबूला गुनाह

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने (1) रोहित कोल पिता राम सुकान कोल उम्र 21 वर्ष, (2) अमन चौबे पिता पंकज चौबे 22 वर्ष दोनो निवासी ग्राम बांधी थाना स्लीमनाबाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने अपने एक अन्य साथी मनोज के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवर से लिफ्ट ली थी। रास्ते में सभी ने साथ बैठकर शराब पी, जिसके बाद आरोपियों ने ड्राइवर से पैसों की मांग की। ड्राइवर द्वारा पैसे देने से मना करने पर तीनों ने मिलकर हाथ-मुक्कों और व्हील पाना से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस की कार्रवाईपुलिस ने आरोपी रोहित कोल (21 वर्ष) और अमन चौबे (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब इनके तीसरे साथी मनोज की तलाश में जुटी है।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

इस अंधे कत्ल का खुलासा करने में एसडीओपी श्रीमती आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी सुदेश कुमार, उप निरीक्षक अनिल यादव और साइबर सेल के आरक्षक अजय साकेत, सत्येंद्र सिंह व अमित श्रीपाल सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# वारंटियों को दबोचा, आदतन अपराधियों को दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में बीती दरम्यानी रात जिले भर के थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने 'कांबिंग गश्त' की। काम्बिंग गश्त में पुलिस ने 79 स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों को धर दबोचा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में चले इस अभियान में जिले का भारी पुलिस बल सक्रिय रहा। सीएसपी कटनी श्रीमती नेहा पच्चीसिया, एसडीओपी विजयराघवगढ़, डीएसपी मुख्यालय समेत 15 थाना प्रभारियों और 175 से अधिक पुलिस जवानों ने रात भर फील्ड में रहकर अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी।

काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 20 स्थाई वारंटियों और 59 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जिले के 49 सूचीबद्ध गुंडों और 49 निगरानी बदमाशों के घरों पर अचानक पहुंचकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन किया गया। थाना कोतवाली पुलिस ने अकेले 61 आदतन अपराधियों को चेक कर सख्त हिदायत दी और 36 अपराधियों के डोजियर तैयार किए। अवैध शराब के 10 प्रकरण दर्ज किए गए, वहीं शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4 चालकों के विरुद्ध धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस टीमों ने न केवल रिहायशी इलाकों बल्कि कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन, मुड़वारा स्टेशन और बस स्टैंडों पर भी पैनी नजर रखी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और शांति भंग की आशंका होने पर कई लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

# जिले में अब तक 8 हजार 900 मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले में गेहूँ का उपार्जन कार्य जारी है। जिले मे 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये गेहूँ उपार्जन में शुक्रवार 24 अप्रैल तक कुल 2 हजार 898 कृषकों से अब तक 8 हजार 902 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

जिले के अब तक 22 साइलो केन्द्रो में 173 किसानों से 640 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि समिति स्तरीय उपार्जन केन्द्रों में 2032 किसानों से 5 हजार 959 मीट्रिक टन गेहूँ समर्थन मूल्य पर उपार्जित किया जा चुका है। इसी प्रकार गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्रों के द्वारा अब तक 693 किसानों से 2 हजार 303 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उपार्जन केन्द्रों में छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है। केंद्र में बारदाने, तौल कांटे, सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। किसानों से आग्रह किया गया है कि वे खरीदी केंद्र में साफ-सुथरा गेहू लायें।

### कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**कटनी।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 26 अप्रैल को जिले में आयोजित होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष तिवारी के निर्देश पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर परीक्षा केन्द्रों में कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में परीक्षा के आयोजन लिए जिले में कुल 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक संचालित होगा। जारी आदेश के अनुसार चयनित 4 परीक्षा केन्द्रों हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही इनके सहयोग के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय गर्ल्स कॉलेज, झिंझरी में नायब तहसीलदार श्री इशरार खान की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट हा.से. स्कूल, माधवनगर में नायब तहसीलदार आशीष कुमार चतुर्वेदी, शासकीय पॉलीटेकनिक कॉलेज, झिंझरी में नायब तहसीलदार हर्षवर्धन रामटेके और शासकीय तिलक कॉलेज, बरही रोड खिरहनी में प्रभारी तहसीलदार अतुलेश सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

### समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है नारी



शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों तथा सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करना रहा। मुख्य वक्ता समाजसेविका साधना चौरसिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की प्रमुख शक्ति है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। ढीमरखेड़ा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ रही है, जो एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। सहायक प्राध्यापक दीपिका जैन ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और आत्मविश्वास को सशक्त समाज की नींव बताया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अभिलाषा चौरसिया, डॉ. दिव्या शुक्ला, डॉ. नीमा सिंह सहित विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# यात्रियों को साइबर ठगी से बचने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शुक्रवार रेलवे स्टेशन पर जीआरपी द्वारा 'साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान' आयोजित किया गया, जिसमें यात्रियों को ठगी के नए तरीकों और उनसे बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

अभियान के दौरान जीआरपी टीम और विशेषज्ञों ने यात्रियों को जागरूक करते हुए कहा कि साइबर ठग अक्सर लॉटरी लगने, बैंक केवाईसी अपडेट करने या बिजली बिल कटने जैसे झूठे संदेश भेजकर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। यात्रियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना OTP (वन टाइम पासवर्ड), पिन या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें।



प्लेटफॉर्म और प्रतीक्षालय में मौजूद यात्रियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि यदि किसी के साथ वित्तीय धोखाधड़ी होती है, तो वे तत्काल नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। स्टेशन पर पोस्टर और बैनर के माध्यम से 'फिशिंग' और 'विशिंग' जैसे साइबर हमलों से बचने के तरीके प्रदर्शित किए गए। सोशल मीडिया पर आने वाले लुभावने विज्ञापनों और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय बैंकिंग लेनदेन से बचें। कस्टमर केयर का नंबर हमेशा आधिकारिक वेबसाइट से ही निकालें, गूगल सर्च के रिजल्ट पर अंधविश्वास न करें।

रेलवे स्टेशन पर चलाए गए इस अभियान की यात्रियों ने सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि सावधानी ही साइबर ठगी से बचने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस दौरान जीआरपी के जवान मौजूद रहे, जिन्होंने यात्रियों को सुरक्षा संबंधी पंपलेट्स भी वितरित किए।

### ज्वाइंट डायरेक्टर ने संसारपुर पहुंचकर जानी हकीकत

# स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान जरूरी, गर्भवतियों को खिलाया गया पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद में पोषण पखवाडा अभियान चल रहा है जिसके तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे है।पोषण पखवाडा अभियान की जमीनी हकीकत देखने शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर ऊषा सोलंकी बहोरीबंद परियोजना के ग्राम संसारपुर पहुंची जहाँ ज्वाइंट डायरेक्टर ने आँगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 मै ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का अवलोकन किया ओर सीएचओ तथा एएनएम से ड्यू लिस्ट अनुसार जाँच ओर टीकाकरण की जानकारी प्राप्त की। कुपोषित बच्चों को दी जाने वाली दवाओं की जानकारी लेने के साथ -साथ कुपोषित बालिका ओर उसकी माता से भेंट कर दवा नियमित खिलाने, आहार मै परिवर्तन करने की सलाह दी।



सुपोषण दिवस के अवसर पर शारीरिक रूप से कमजोर चिन्हित गर्भवती माताओ को पोषण युक्त आहार का सेवन कराया गया ज्वाइंट डायरेक्टर ने किशोरियों, महिलाओं व बच्चों के लिए सही पोषण व खानपान के बारे में जागरूक किया। कहा कि एक स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान का होना बहुत ही जरूरी है। सभी को खान-पान के प्रति सजग व जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेषकर लड़कियों व महिलाओं को अपने आहार के प्रति जागरूक होना चाहिए। बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में पौष्टिक आहार की अहम भूमिका होती है। इसलिए महिलाएं अपने खानपान का ध्यान रखें और अपने बच्चों का पालन पोषण बेहतर ढंग से करें। अभियान में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए भोजन के सही तरीके से पकाने व खाने के बारे में जानकारी दी गई।

ज्वाइंट डायरेक्टर ने आँगनबाड़ी केंद्र में बच्चों से रंगो के नाम, अक्षर गिनती पूछी ओर बच्चों से कविताएं सुनी। साथ ही नाश्ता ओर खाना की गुणवत्ता देखी साथ ही ग्राम पंचायत संसारपुर मे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निर्माण कार्यों का जायजा लिया ।इस दौरान सरपंच मीना बाई यादव , परियोजना अधिकारी सतीश पटेल, सचिव रामशरण सोनी सहित स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ मौजूद रहे।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सभाकक्ष में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा,सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं जिला पंचायत सदस्यों की मौजूदगी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर अतिथियों ने प्रकाश डाला। उद्बोधन की श्रृंखला में जिला पंचायत की अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सीईओ और सदस्यों ने पंचायती राज दिवस की महत्ता, उपयोगिता, आवश्यकता और उद्देश्यों पर अपनी अपनी बात रखी। श्रीमती मेहरा ने कहा कि नागरिकों के लिए सड़क,



पानी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए निर्णय ले पाना जिला पंचायत की बैठक के माध्यम से संभव हो सका है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को स्वशासन एवं स्वराज की नींव बताते हुए सत्ता का विकेंद्रीकरण होना बताया।

उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु नियमानुसार निर्णय ले सकते हैं। पावर और रिस्पांसिबिलिटी (अधिकार और कर्तव्य) सिद्धांत का अमल का पालन करते हुए आगे बढ़ने से बहुत सी ग्राम पंचायत विविध प्रकार के अच्छे कार्य करके उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। सीईओ कौर ने उद्बोधन देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए रेवेन्यू जेनरेट करने की आवश्यकता है। उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने पंचायती राज के संबंध में सारगर्भित बातें कहीं।

### बेहतरीन कार्यों का प्रदर्शन

इस दौरान जनपद पंचायत कटनी, विजयराघवगढ़ रीठी, बहोरीबंद, बड़वारा ,ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायतों पठरा, पढ़खुरी, हथकुरी, देवरी टोला, तेवरी एवं अन्य पंचायत द्वारा किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कराए गए बेहतरीन कार्यों और स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत की गई गतिविधियों को पीपीटी के द्वारा दिखाया गया।

### 12 पंचायतों को मिला सम्मान

इस मौके पर सुशासन, जल गंगा संवर्धन अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, महिला एवं बालक, बालिका हितैषी पंचायत, होम स्टे आदि, समग्र मनरेगा,ई केवाईसी सहित अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाली 12 ग्राम पंचायतों बाकल, तेवरी,देवगांव वसुधा, बड़वारा, बसाड़ी,देवरीटोला, पठरा, परखुरी,सिहजनी, पिपरिया शुक्ल और बरहटा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के प्रभारी पंकज नामदेव,योगेंद्र असाटी, जग्गी पटेल, कमल सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# आज मनाया जाएगा जानकी प्राकट्योत्सव, सीता नवमी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

आदिशक्ति जगतजननी माँ जगदम्बा के पावन पर्व को लेकर आपने चैत्र व शारदेय नवरात्र के बारे मे सुना होगा व मनाया होगा लेकिन स्लीमनाबाद ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम ब्रजधाम कोहका में सालभर में तीन बार नवरात्रि मनाई जाती है। सालभर में तीन बार नवरात्रि मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है जो आज भी कायम है। चैत्र व शारदेय नवरात्र के बाद बैशाख मास के शुक्ल पक्ष पर 9 दिनों तक गाँव के लोग मातारानी की भक्ति में लीन रहते है।



गांव के ग्रामीण गिरिजा यादव,महेश यादव,राजकुमार यादव, गुलाब यादव,शंकर आदिवासी ने बताया कि गांव मे चैत्र नवरात्र व शारदेय नवरात्र के अलावा बैशाख नवरात्रि भी शारदा मंदिर मे मनाई जाती है।सदियों से यह परंपरा चली आ रही है।जिसको आज भी गांव के ग्रामीण बनाये रखे। बैशाख मास शुक्ल पक्ष पर नवरात्रि मनाई जाती है।प्रतिपदा तिथि से जानकी नवमी तक पूरे 9 दिनों तक मातारानी की भक्ति मैं भक्त लीन रहते है।प्रतिपदा को हो ज्वारे व मन्नत कलश बोए जाते है।जिनका विसर्जन नवमी मैं जवारा जुलूस निकालकर होता है।मां शारदा गांव की पालन हार है।गांव की रखवाली करती है।गांव के हर कष्ट को दूर करती है।

भगवान श्रीराम की पत्नी जगत जननी मां जानकी का प्राकट्योत्सव जानकी नवमी पर शनिवार को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। सिंहवाहिनी मंदिर मे शनिवार को जानकी प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर कन्या पूजन कर कन्या भोजन व विशाल भंडारा आयोजित होगा।

बजरंग मण्डल के द्वारा रामचरित मानस पाठ गायन किया जाएगा ।स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के जानकी उपासक मंदिरों में 25 अप्रेल को माता सीता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बैंक में कैश ना मिलने के लोग हो रहे परेशान

**सिलौंडी।** सिलौंडी सेंट्रल बैंक में सिलौंडी क्षेत्र के लगभग 40 गांव के लोगो के खाते है परंतु महीने में 15 से 18 दिन कैश ना होने के कारण सेंट्रल बैंक के ग्राहक परेशान है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पूरे को क्षेत्र के सभी गांव के लोग खरीददारी के लिए सिलौंडी आते है मगर बैंक में नगद राशि ना मिलने के कारण वह अपनी खरीददारी नही कर पाते है । शादी विवाह में सामग्री ,कपड़े, ज्वैलरी बहुत चीजों को खरीदने में कैश की आवश्कता होती है पैसे होने के बाद भी समय पर नगद राशि नही मिलने से लोग कर्ज लेने को मजबूर है । सिलौंडी सेंट्रल बैंक में कैश ना होने के कारण व्यापारी ,किसान ,पेंशनधारी लोग को बहुत बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सिलौंडी में एक ही बैंक होने के कारण लोग भटकने को मजबूर है।

### सार्वजनिक मार्गों से हटाए गए अनधिकृत बैनर-पोस्टर

**कटनी।** नगर के सौंदर्यीकरण एवं आमजन को सुगम और सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा अभियान चलाकर विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख मार्गों पर लगाए गए अनधिकृत बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि यह अभियान शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों मिशन चौक से दुगाड़ी नाला, सुभाष चौक से मुख्य स्टेशन पहुंच मार्ग, मिशन चौक से बस स्टैंड तक सुनियोजित रूप से संचालित किया गया। कार्रवाई के दौरान निगम के अतिक्रमण अमले ने सड़कों के किनारे, चौराहों, बिजली खंभों एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर बिना अनुमति लगाए गए प्रचार सामग्री को हटाया। इससे न केवल शहर की सौंदर्य छवि में सुधार हुआ है, बल्कि यातायात में आने वाली बाधाओं को भी कम करने में मदद मिली है। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार के बैनर-पोस्टर लगाना नियमों के विरुद्ध है। भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सीवर लाइन विस्तार कार्य से यातायात में अस्थायी परिवर्तन

**कटनी।** शहर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा 24 अप्रैल 2026 से सागर पुलिया से डन कॉलोनी मोड़ तक तथा कटनी साउथ स्टेशन रोड पर लक्ष्मी पान भंडार से रंगनाथ मंदिर तक सीवर लाइन विस्तार का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि इस कार्य के दौरान संबंधित मार्गों पर यातायात व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया जाएगा। सागर पुलिया से डन कॉलोनी मोड़ तक कुछ हिस्सों में वन-वे यातायात संचालित रहेगा, वहीं कटनी साउथ स्टेशन जाने वाले मार्ग पर लक्ष्मी पान भंडार से एम्बुलेंस रोड तक यातायात पूर्णतः बाधित रहेगा। नागरिकों की सुविधा हेतु वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। कटनी साउथ स्टेशन जाने वाले यात्री माधव नगर गेट से लखेरा होते हुए एम्बुलेंस रोड के माध्यम से रंगनाथ मंदिर की ओर जाने वाला मार्ग अथवा बाबा घाट से मंगल नगर होते हुए स्टेशन जाने वाले मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध पूर्ण होने में सहयोग प्रदान करें तथा निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

### ग्राम सभाओं का आयोजन

**कटनी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर सभी जनपद पंचायतों की ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं में सामुदायिक सहभागिता एवं जन जागरूकता की गतिविधियां तथा महिला नेतृत्व विकास, सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण एवं पंचायत उन्नति सूचकांक और पंचायत के स्वयं के आय के स्त्रोतों से राजस्व में वृद्धि की रणनीतियों पर पर विचार विमर्श कर चर्चा हुई।

### पशुपालन विभाग की समितियों की समीक्षा बैठक में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर

# 75 ग्रामों का चयन, दुग्ध उत्पादन को 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि पशुपालकों का आधारभूत सर्वेक्षण, पशुओं का शत-प्रतिशत टैगिंग और बधियाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नियमित टीकाकरण सहित चारागाह विकास और पशु अपशिष्ट के समुचित प्रबंधन हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग एवं कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों से समन्वय कर योजनाबद्घ तरीके से कार्य करें। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश शुक्रवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग की क्षीरधारा समन्वय समिति, नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन, जिला गोपालन गौसंवर्धन समिति, जिला पशु क्रूरता निवारण समिति और जिला रोगी पशु कल्याण समिति की समीक्षा बैठक में दिये।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार भी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने 'क्षीरधारा ग्राम योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाया जाए। क्षीरधारा योजना के प्रथम चरण में 75 ग्रामों का चयन किया गया है, जिनमें वृंदावन ग्राम और वन विभाग से सटे 12 गांव शामिल हैं।

#### डिजिटल होगा पशुपालन की गतिविधियों का पूरा रिकॉर्ड

नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन के तहत अब पशुपालन की समस्त गतिविधियों जैसे पंजीकरण, टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान की डिजिटल एंट्री की जाएगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी पशु चिकित्सालयों और औषधालयों की मैपिंग करने और नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश दिए।

बैठक में उपस्थित वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार ने बताया कि 20 पशुओं तक की इकाई को चिन्हित चारागाह क्षेत्रों में निःशुल्क चराई की सुविधा है। कुछ नए क्षेत्र और चिन्हित किये जाएगें। इसके साथ ही उन्होंने वन क्षेत्रों में संक्रामक और जूनोटिक बीमारियों को रोकने हेतु पशुओं के साथ-साथ कुत्तों के लिए भी रेबीज और केनाइन डिस्टेंपर टीकाकरण का सुझाव दिया।

#### विभागीय समन्वय से करें कार्य

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कौर ने स्व-सहायता समूहों, ग्राम सचिवों और कृषि सखियों के बीच समन्वय बनाकर वृंदावन ग्रामों में कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि विभाग की कृषि सखियों को पशुपालन विभाग की पशु सखियों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर चारागाह विकास, पशु अवशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

#### गौवंश संरक्षण पर विशेष जोर

बैठक में गौशालाओं के लिए अनुदान राशि का अनुमोदन किया गया। साथ ही, आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए गौशालाओं में अतिरिक्त गौवंश रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिला पशु कल्याण समिति की बैठक में स्थानीय दानदाता 'श्री गौशाला कटनी' द्वारा जिला पशु चिकित्सालय में घायल लावारिस गौवंश के उपचार हेतु एक पशु शेड निर्माण की अनुमति प्रदान की गई।

पशु क्रूरता निवारण समिति ने निर्णय लिया कि सड़कों पर बैठने वाले और घायल पशुओं के लिए पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त पेट्रोलिंग की जाएगी ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

बैठक में उपसंचालक कृषि अरुणिमा सेन आयंगर, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर.के. सोनी, सिविल सर्जन डॉ. सुमंत वर्मा, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित पुलिस, लोक निर्माण विभाग और मंडी के अधिकारी उपस्थित रहे।



## बिजली-पानी की समस्या से परेशान ग्रामीण, हैंडपंप भी उगल रहे हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

ढीमरखेड़ा के ग्राम परसेल में इन दिनों बिजली और पानी की गंभीर समस्या के चलते ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लगातार अघोषित बिजली कटौती के कारण पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में कई-कई घंटों तक बिजली गुल रहती है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से नल-जल योजनाएं ठप हो जाती हैं, जिससे घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा।गांव के आधे हैंडपंप हवा उगल रहे है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों को ग्रामीणों की समस्या से कोई लेना देना नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया है। जिससे समस्या और भी विकराल होती जा रही है।

भीषण गर्मी के इस दौर में पानी की कमी ने हालात और भी गंभीर बना दिए हैं। लोगों को दूर-दराज के नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली और पानी आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

#### जनपद सीईओ से की चर्चा

ग्रामीणों की शिकायत के बाद परसेल गांव में बिजली पानी की समस्या को लेकर उमरियापान मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी सहित विभागीय अधिकारियों से ग्रामीणों की समस्या अवगत कराते हुए उनके निराकरण करने की बात की।

*नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत सम्मेलन का आयोजन*

## 250 महिलाओं को साड़ियां एवं कैप वितरण कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



नारी शक्ति बंदन पखवाड़ा अंतर्गत बड़वारा में महिला सम्मान सम्मेलन का आयोजनमध्य प्रदेश शासन महिला बाल विकास एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पांडे के निर्देशन में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है इसके उपलक्ष्य में बड़वारा परियोजना अंतर्गत सभी 270 आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला सशक्तिकरण से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिससे महिलाओं को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया जा सके इसके अंतर्गत पोषण प्रदर्शनी ,पोषण सलाह, रेलिया, मानव श्रृंखला बनाना, सेमिनार एवं शपथ का आयोजन कर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

बड़वारा के ग्राम पंचायत सभागार में विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य अतिथि में लगभग 250 महिलाओं को साड़ियां एवं कैप वितरण कर सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने कुपोषित बच्चों को एन. आर.सी. में त्वरित गति से भर्ती कराया इसके जरिए विभाग द्वारा अन्य महिलाओं को कुपोषित बच्चों को भर्ती करने की प्रेरणा के तौर पर देखा गया ज्ञात० होवे की एनआरसी में बच्चों को भर्ती करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं पर्यवेक्षकों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है कार्यक्रम का आयोजन महिला बाल विकास विभाग बड़वारा एवं मानव जीवन विकास समिति बिजोरी के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विधायक द्वारा महिलाओं को सशक्त करने के अभियान की सराहना की गई एवं महिलाओं के साथ रैली में शामिल होकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र जायसवाल मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू, थाना प्रभारी के के पटेल, जनपद पंचायत बड़वारा से ब्लाक समन्वयक बबीता सिंह स्वास्थ्य विभाग से पीरन बी, पर्यवेक्षक अर्पिता प्यासी, ज्योति बर्मन, रोशनी गुप्ता, प्रवीण मंसूरी आदि मौजूद थे।

### पंचायतों के विकास के लिये 9 थीम विषय पर चर्चा




जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सभा कक्ष में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुवेंद्र कोरी सहित जनप्रतिनिधियों एवं समस्त विभागों की उपस्थिति में पंचायती राज के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के विकास हेतु 9 थीम विषय पर भी विस्तृत चर्चा कर उसे पंचायत में लागू किए जाने संबंधी जानकारी आपस में साझा की गई। जिले की अन्य सभी जनपद पंचायतों में भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन जन प्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में किया गया। अतिथियों ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर अपने-अपने विचार उद्बोधन स्वरूप प्रस्तुत किए। ढीमरखेड़ा के कार्यक्रम में जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त विभागों के विभाग प्रमुख, जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, एवं स्थानीय जन भी उपस्थित रहे।

## जनगणना प्रशिक्षण से अनुपस्थित पांच कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी एवं नगर निगम के कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुपस्थित पाए गए 5 प्राथमिक शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

#### तो होगी कार्यवाही

प्रशासन द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, जिम्मेदारियों एवं तकनीकी पहलुओं से अवगत कराना था। ऐसे में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहना न केवल कार्य की गंभीरता को प्रभावित करता है, बल्कि आगामी चरणों की तैयारी पर भी प्रतिकूल असर डालता है।

संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय-सीमा 24 घंटे में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### इन्हें जारी हुआ नोटिस

नगर के झिंझरी स्थित नालंदा आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में तीन चरणों में आयोजित होने वाले जनगणना प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने वाले पांच प्राथमिक, माध्यमिक शिक्षकाओं एवं शिक्षक को नोटिस जारी किया गया है, उनमें प्राथमिक विद्यालय कवास जी वार्ड की कीर्ति जैन, प्राथमिक शाला टिकरिया सिविल लाइन की विनीता प्रजापति, प्राथमिक शाला टिकरिया, सिविल लाइन की संध्या गुप्ता एवं रमेश कुमार द्विवेदी सहित माध्यमिक शाला धन्तीबाई के राजकुमार कोल शामिल है।

#### लापरवाही नहीं बरतें

प्रशासन ने सभी नियुक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करें, ताकि कार्य निर्धारित समय-सीमा में त्रुटिरहित रूप से संपन्न हो सके।

*पंचायती राज दिवस पर बहोरीबंद जनपद की दो ग्राम पंचायतें हुई सम्मानित*

## ग्राम पंचायतों को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने रेवेन्यू जनरेट की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का कार्यक्रम जिला पंचायत के सभा कक्ष में अत्यंत हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तत्वावधान में शुक्रवार को मनाया गया। जिला पंचायत की अध्यक्ष सुनीता मेहरा,उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा,जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर एवं जिला पंचायत सदस्यों की मौजूदगी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्य पर अतिथियों ने प्रकाश डाला। उद्बोधन की श्रृंखला में जिला पंचायत की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीईओ और सदस्यों ने पंचायती राज दिवस की महत्ता, उपयोगिता, आवश्यकता और उद्देश्यों पर अपनी अपनी बात रखी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों के लिए सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए निर्णय ले पाना जिला पंचायत की बैठक के माध्यम से संभव हो सका है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस को स्वशासन एवं स्वराज की नींव बताते हुए सत्ता का विकेंद्रीकरण होना बताया। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के माध्यम से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु नियमानुसार निर्णय ले सकते हैं। पावर और रिस्पांसिबिलिटी सिद्धांत का अमल का पालन करते हुए आगे बढ़ने से बहुत सी ग्राम पंचायत विविध प्रकार के अच्छे कार्य करके उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। सीईओ कौर ने उद्बोधन देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को सशक्त एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए रेवेन्यू जेनरेट करने की आवश्यकता है। उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने पंचायती राज के संबंध में सारगर्भित बातें कहीं। जिला पंचायत सदस्य एवं अखिल भारतीय पंचायत परिषद से जिला पंचायत सदस्यों के प्रदेश अध्यक्ष अजय गोटिया ने कहा कि पंचायत राज अधिनियम 1993 के अंतर्गत निहित आर्टिकल से संवैधानिक शक्तियां प्राप्त हुई है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर / विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, म.प्र.**

क्रमांक/ 4497/प्रा0/ वि0वि0 अधि0/ 2026
कटनी दिनांक-22/04/2026
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला छिंदवाड़ा म.प्र. पिन कोड 480441

**विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में लेख है कि आवेदक सतीश भगत पिता श्री मदनराम भगत (विधुर) साकिन भट्टा मोहल्ला, राम निवास सिंह वार्ड मुड़वारा तहसील व जिला कटनी म.प्र. पिन कोड 483501 एवं आवेदिका अंजनी भगत पिता श्री जगदेव राम भगत (अविवाहित) साकिन वार्ड नं. 15, पेठपुरा मोहल्ला ग्राम-उमरेठ तहसील उमरेठ जिला छिंदवाड़ा पिन 480441 द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है एवं पेशी दिनांक 22/05/2026 को नियत की गई है।

अतः आवेदक/आवेदिका के संबंध मे सूचना / इश्तहार का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर, कार्यालय तहसीलदार एवं अन्य सुसंगत कार्यालयों के सूचना पटल पर चस्पा कराने का कष्ट करें, यदि उक्त के संबंध में आपत्ति प्राप्त होती है तो इस न्यायालय को अवगत करायें साथ ही आवेदक/ आवेदिका के विवाहित / अविवाहित तथा निवास की पुष्टि के संबंध में दिनांक 22/05/2026 के पूर्व स्पष्ट अभिमत / प्रतिवेदन इस न्यायालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि पर प्रतिवेदन प्राप्त न होने पर यह माना जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है एवं विवाह अनुष्ठापन की कार्यवाही संपादित की जावेगी।

अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी (म0 प्र0 )

### कचरा वाहन में संग्रहित कचरे की निगमायुक्त ने स्वयं की जांच

## निगमायुक्त ने वार्ड का भ्रमण कर स्वच्छता एवं सुविधाओं की ली टोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम की बुनियादी सेवाओं का लाभ नागरिकों को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। शुक्रवार प्रातः निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने वार्ड क्रमांक 17 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अंतर्गत दुबे कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने दुबे कॉलोनी मुख्य मार्ग, विभिन्न गलियों, तुलसी नगर अपार्टमेंट, गोपाल नगर मोड़ सहित अन्य स्थानों पर पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का स्थल पर अवलोकन किया। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय रहवासियों से वार्ड की सफाई व्यवस्था की गुणवत्ता के संबंध में भी संवाद कर स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने विभिन्न घरों से एकत्रित किए गए कचरे की स्वयं जांच की। उन्होंने कचरा वाहनों में संग्रहित गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही अपार्टमेंट से प्राप्त वेस्ट, सेनेटरी वेस्ट एवं हैज़ार्डस वेस्ट के पृथक संग्रहण की भी जांच की गई।

निगमायुक्त ने मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर एवं वाहन चालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों को घर-घर समझाइश देकर गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्त्रोत पर कचरे का पृथक्करण ही स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने का सबसे महत्वपूर्ण आधार है।

निगमायुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता को बेहतर बनाने में सोसायटी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने तुलसी नगर अपार्टमेंट रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के गठन पर जोर देते हुए कहा कि यदि प्रत्येक एसोसिएशन गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण, नियमित सफाई और जागरूकता पर ध्यान दे, तो पूरे शहर में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत हो सकती है। रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन स्तर पर सक्रिय भागीदारी ही स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का आधार है।

#### सोक पिट निर्माण के निर्देश

सोमनाथ मंदिर पहुंच मार्ग के निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक हैंडपंप के आसपास स्वच्छता व्यवस्था सुधारने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु सोक पिट निर्माण के निर्देश दिए गए। वहीं सन्यासी बाबा मंदिर मार्ग पर क्षतिग्रस्त नाली के कारण हो रहे जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए नाली की मरम्मत शीघ्र कराने हेतु निर्देशित किया। जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए निगमायुक्त ने मानसून पूर्व बड़े एवं छोटे नाले-नालियों की व्यापक सफाई कराने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति से बचा जा सके। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, सेनेटरी इंस्पेक्टर दीपक मालिक, तीरथ प्रसाद बेगा, वार्ड दरोगा विनय सिंधिया, एमएसडब्ल्यू सुपरवाइजर राहुल तिवारी, अतुल सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



### भरभरा आश्रम मोड़ पर खोला निःशुल्क प्याऊ

**उमरियापान।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा के उमरियापान सेक्टर अंतर्गत भनपुरा मुख्य मार्ग के भरभरा आश्रम मोड़ पर जल गंगा संवर्धन अभियान के दूसरे चरण के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा प्याऊ का शुभारंभ किया गया। मुख्य मार्ग होने के कारण राहगीरों को गर्मी के मौसम में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह, बीसी बबीता सिंह, अखिलेश नामदेव, सेक्टर प्रभारी श्रीकांत पटेल, कोदुलाल हल्दकार, अजय यादव, मिजाजी यादव, अमित गौंटिया, अशोक यादव उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## बच्ची को डांटने से मना करने पर पति ने पत्नी को पत्थर मारकर किया घायल

**अमानगंज।** ग्राम कुदरा झरकुआ में घरेलू विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी पर पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता (30 वर्ष) ने थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार सुबह जब उसने अपने पति जगतलाल अहिरवार को अपनी बेटी नेहा को बेवजह डांटने से मना किया, तो पति गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने पत्थर मारकर पत्नी के हाथ और पीठ में चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 बी, 115(2) और 351(3) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खरीदी केंद्र संचालित न किए जाने पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पन्ना।** जिले की पन्ना तहसील अंतर्गत पहाड़ीखेड़ा बृजपुर रोड पर सैकड़ो किसानों ने तिलगवा मोड पर जाम लगा दिया। जाम लगाने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सोपा है जिसमें उल्लेख किया गया है की समय अवधि में किसानों की तुलाई एवं केंद्र संचालित नहीं हो रहे है जिससे हम किसानों के अनाज की तुलाई नहीं हो पा रही है एवं ग्रेडिंग के नाम पर अवैध वसूली बंद की जाए हैं। शासन के मापदंड के अनुसार उचित माध्यम से तोलाई कराई जाए है। किसानों ने बताया कि गेहूं विक्रय के लिए जो स्लॉट बुक किए गए थे उनमें फसल सत्यापित नहीं होने के कारण स्लॉट बुक नहीं हो रहे है तथा खरीदी केंद्र बढ़ाए जाने एवं लक्ष्मीपुर, अहिरगवां,जरुआपुर, केंद्र जो सभी बंद पड़े हैं तत्काल प्रारंभ कराए जाए किसानों ने खरीदी केंद्र को चालू किए जाने एवं किसानों के अनाज को समय सीमा पर खरीदी की जाए रोड पर बैठे हुए किसानो के बीच जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने पीड़ति किसानों के बीच सम्मिलित होकर उनकी पीड़ा जानने की कोशिश की एवं शासन प्रशासन से किसानों की हर संभव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि समय सीमा अवधि में दो दिवस के अंदर तुलाई चालू नहीं की गई तो उग्र आंदोलन होगा।

# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा कल, 1788 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन कल 26 अप्रैल 2026 दिन रविवार को दमोह जिले के 04 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02.15 से 4.15 बजे तक किया जा रहा है। उक्त परीक्षा में दमोह जिले में 1788 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे है।

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया आयोग के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, मोवाईल, धूप का चश्मा, कफलिंक, हाथ के वैण्ड, बंधन धागे, रवर, पैसिंल, व्हाइटनर, बालो का बलेचर, बक्कल, घड़ी, वेल्ट, पर्स, टोपी लाना परीक्षा केंद्र पर वर्जित हैं। साथ ही चेहरे को ढ़क कर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश वर्जित होगा। जिन अभ्यर्थियों को आनलाईन प्रवेश पत्र में उनके फोटो तथा हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है या अनुपलब्ध है उन्हें आनलाईन प्रवेश पत्र पर विहित स्थान पर अपना फोटो चिपकाकर उसके नीचे हस्ताक्षर करें तथा फोटो आवंटित केंद्राध्यक्ष से सत्यापित कराएंगें तथा फोटो की एक प्रति भी साथ ले जाये, उक्त फोटो के पीछे अपना नाम, आवेदन क्रमांक एवं अनुक्रमांक अंकित करें, अपने साथ आवेदन पत्र की रसीद रखें। परीक्षा केंद्र पर आयोग द्वारा निर्धारित परिचय पत्रों में से किसी एक मूल पहचान पत्र लेकर आएंगे।

उन्होंने बताया मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 में आयोग द्वारा नवीन थ्री लेयर सुरक्षा ओर फ्रिस्किंग प्रक्रिया लागू की गई है। उक्त प्रक्रिया के तहत भर्ती प्रक्रिया को मजबूत करने और कदाचार की संभावना को समाप्त करने के लिए परीक्षा प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी (वायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, ताइव सीसीटीवी निगरानी, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी) की जायेगी जिस हेतु Innovatiview India Limited नई दिल्ली को नियत किया गया है। इसके लिए परीक्षार्थी के लिए परीक्षा केन्द्र पर 90 मिनट (डेढ घंटे) पूर्व उपस्थित होगे।

आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कार्य के लिए अधिकृत अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश नही दिया जायेगा। आयोग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र की उडनदस्ते के साथ वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। समस्त परीक्षा केंद्रो पर कानून व्यवस्था वनाये रखे जाने हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारी तथा पुलिस बल की डयूटी लगाई गई हैं। दिव्यांग परीक्षार्थियों जिन्हें लेखन सहायक (राईटर) की आवश्यकता होगी, वह अपनी संपूर्ण जानकारी गय दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित यथासंभव परीक्षा दिवस के एक-दो दिन पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्राध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी ताकि नियमानुसार लिखित परीक्षा अनुमति प्रदान की जा सकें।

म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा सागर संभाग के लिए संभागीय पर्यवेक्षक के रूप में सेवानिवृत्त IAS महेन्द्र सिंह भिलाला, मो.न. 9425093588 को नियुक्त किया गया है। परीक्षा हेतु जिला कार्यालय दमोह के कक्ष क्रमांक 52 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 07812-222029 हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा जारी निर्देशों का भली भांति अध्ययन किया जाये।

# मूंग की फसल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



इस समय क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसलों जैसे मूंग, उड़द, आदि में कीटों का प्रकोप बढ़ने की सूचना पीएलवी रूपेंद्र सिंह , किसान विनोद उदेनिया,साहब सिंह लोधी के साथ दिनेश पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बटियागढ़,रवेंद्र विरला कृषि बस्तर अधिकारी,दीपक सेवानी कृषि विस्तार अधिकारी एवं डॉ. द्वारका, कीटशास्त्र विभाग, कृषि महाविद्यालय, पन्ना ने सरिया निवासी किसान घनश्याम सिंह के खेत पर निरीक्षण किया जिसके अनुसार प्रमुख कीटों में माहू, सफेद मक्खी, जेसिड तथा फल छेदक आदि कीट शामिल हैं। इन कीटों की पहचान पत्तियों पर छोटे-छोटे हरे या काले कीड़ों (माहू), सफेद रंग की उड़ने वाली मक्खियों (सफेद मक्खी) तथा पत्तियों के किनारों के पीले पड़ने (जेसिड) से की जा सकती है।

फल छेदक कीट फल में छेद कर अंदर से उसे खराब कर देते हैं। इनके प्रकोप से पत्तियां मुड़ जाती हैं, पीली पड़ जाती हैं, पौधों की वृद्धि रुक जाती है तथा फल सड़ने लगते हैं, जिससे उत्पादन में भारी कमी आती है। डॉ. द्वारका ने किसानों को समेकित कीट प्रबंधन अपनाने की सलाह दी है। जिसमें समय पर बुवाई, फसल चक्र अपनाना, खेत की गहरी जुताई तथा संक्रमित पौधों को नष्ट करना जैसे कृषि जनित उपाय शामिल हैं। साथ ही पीले चिपचिपे ट्रैप और प्रकाश प्रपंच का उपयोग कर कीटों की संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

दिनेश पटेल वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी के अनुसार जैविक नियंत्रण के तहत नीम तेल 5 मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव तथा ट्राइकोग्रामा जैसे लाभकारी कीटों का प्रयोग करने की भी सलाह दी गई है।आवश्यकता पड़ने पर नए रासायनिक अणुओं जैसे इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एसजी 0.4 ग्राम प्रति लीटर या स्पिनोसैड 45 एससी 0.3 मिली प्रति लीटर या थायमेथोक्साम 25 डब्ल्यूजी 0.25 ग्राम प्रति लीटर या फ्लूबेंडियामाइड 39.35 एससी 0.2 मिली प्रति लीटर पानी या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

डॉ. द्वारका ने चेतावनी दी है कि कीटनाशकों का उपयोग केवल आवश्यकता अनुसार ही करें और सुरक्षा मानकों का पालन अवश्य करें। एवं समेकित कीट प्रबंधन अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं और पर्यावरण को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

# भागवत कथा का श्रवण जीवन को पवित्र कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है - पं प्रेम नारायण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

आरूष स्कूल प्रांगण में सोनी परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पंडित प्रेम नारायण शास्त्री (वृंदावन धाम, समनापुर) ने अपने प्रभावशाली प्रवचनों के माध्यम से श्रोताओं को आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। कथा व्यास ने कहा कि "सुखी वही है जो भगवान की शरण में आता है। कल पर मत जियो, क्योंकि कब जीवन का टिकट कट जाए, इसका कोई भरोसा नहीं है। इसलिए निरंतर भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब मनुष्य भगवान के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित हो जाता है, तब उसे किसी भी प्रकार की चिंता नहीं सताती। हमें केवल अपनी चिंता न कर दूसरों की चिंता करते हुए सेवा भाव से जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 84 लाख योनियों में भ्रमण करने के बाद भगवान की कृपा से मनुष्य जन्म प्राप्त होता है, जो अत्यंत अनमोल है। इस जन्म का उद्देश्य केवल भोग-विलास नहीं, बल्कि ईश्वर भक्ति और आत्मकल्याण है। मनुष्य का चेहरा घड़ी का काम करता है, जो उसके आंतरिक भावों और कर्मों को दर्शाता है। दूसरे दिन की कथा में भगवान विष्णु के 24 अवतारों का विस्तार से वर्णन किया गया। साथ ही महर्षि सुखदेव एवं राजा परीक्षित के जन्म की प्रेरक कथा सुनाई गई। इसके अतिरिक्त धुंधकारी और कोकण की कथा का मार्मिक वर्णन करते हुए पंडित प्रेम नारायण शास्त्री जी ने बताया कि किस प्रकार धुंधकारी अपने पाप कर्मों के कारण प्रेत योनि को प्राप्त हुआ और कोकण के द्वारा कराए गए श्रीमद् भागवत पाठ से उसका उद्धार संभव हुआ। इस कथा के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भागवत कथा का श्रवण जीवन को पवित्र कर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करता है। संगीतमय भजनों और कथा प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे। अंत में आरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी श्रीमद् भागवत कथा के विभिन्न प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरपंच रामगोपाल हुए को सम्मानित

**अजयगढ़** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिला पंचायत परिसर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में ग्राम पंचायतो के द्वारा शासकीय योजनाओ का उत्कृष्ट क्रियान्वयन को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम नारायणपुर के सरपंच रामगोपाल उर्फ मुन्ना लोध, ग्राम पंचायत धरमपुर के सरपंच प्रबल प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत बिलाही के सरपंच मुलायम सिंह, ग्राम पंचायत बहिरवारा सरपंच रजमन लोध, जैतूपुर सरपंच अरविंद पटेल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे,मुख्य कार्यपालन

# राम जन्मोत्सव प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

### बहेरिया में रुद्र महायज्ञः चौथे दिन आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जनपद क्षेत्र के बहेरिया ग्राम में आयोजित भव्य रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। सुबह से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और दिनभर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। पूरे परिसर में वेद मंत्रों की गूंज, हवन की पवित्र आहुति और "हर-हर महादेव" व "जय श्रीराम" के जयघोष से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित श्रीराम कथा में कथा वाचक सुश्री प्रीति देवी ने राम जन्मोत्सव प्रसंग का अत्यंत मार्मिक और जीवंत वर्णन प्रस्तुत किया। भगवान श्रीराम के जन्म का दृश्य ऐसा साकार हुआ कि पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं, तो कई भक्त भक्ति में झूमते नजर आए। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। कथा वाचक ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक देवता ही नहीं, बल्कि आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा हैं। उनका चरित्र सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और त्याग का सर्वोच्च उदाहरण है, जिसे अपनाकर समाज में सुख-शांति और समरसता लाई जा सकती है। इस अवसर पर यज्ञाचार्य गोपाल शास्त्री ने रुद्र महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव की उपासना से न केवल आध्यात्मिक उन्नति होती है, बल्कि जीवन के कष्टों का भी निवारण होता है। उन्होंने कहा कि रुद्र महायज्ञ से वातावरण की शुद्धि, सकारात्मक ऊर्जा का संचार और समाज में सुख-समृद्धि का प्रसार होता है।

२१ अप्रेल से प्रारंभ हुए बहेरिया में चल रहे रुद्र महायज्ञ का आज चतुर्थ दिवस रहा जो १ मई तक चलेगा जिसमे प्रतिदिन सुबह आवाहित देवी देवताओं का पूजन और फिर रुद्राभिषेक शाम को राम कथा और रात्रि में रामलीला का मंचन कार्यक्रम को और भी आनंदित कर रहा है आयोजन प्रेरक नागा बाबा जालंधर भारती यज्ञ में वर्णित आचार्य मनेंद्र तिवारी,रोहित द्विवेदी,रत्नेश पाठक सहित सभी विप्र बंधुओं ने शाम को भब्भ आरती की जिसमें सभी याज्ञिक यजमान उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की नारी विरोधी छवि देश के सामने उजागर, प्रतिमा बागरी

**पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन की नगरीय एवं विकास एवं आवास मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर उनकी वास्तविक मानसिकता देश के सामने उजागर हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने एक बार फिर महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान के प्रति अपनी नकारात्मक सोच को साबित किया है। आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री मती बागरी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक बिल को लेकर हमेशा राजनीति की है। जब-जब महिलाओं को सशक्त बनाने की बात आई, तब-तब कांग्रेस ने या तो इसे टालने का प्रयास किया या फिर बाधाएं खड़ी कीं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की आधी आबादी के अधिकारों को लेकर भी कांग्रेस गंभीर नहीं रही। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के प्रति उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली भाषा और व्यवहार न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत में नारी को शक्ति, सम्मान और संस्कार का प्रतीक माना जाता है, लेकिन कांग्रेस की सोच इसके विपरीत दिखाई देती है।

# एपीडीसी ने किया पीएम श्री स्कूल का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



शुक्रवार नगर से 2 किलोमीटर दूर-पीएम श्री एकीकृत माध्यमिक शाला, बम्हौरी पॉजी में एडीपीसी एवं पीएम श्री योजना के नोडल अधिकारी शरद तिवारी ने निरीक्षण दौरा किया। विद्यालय पहुंचकर उन्होंने सर्वप्रथम सत्र 2025-26 में पीएम श्री योजना अंतर्गत क्रय की गई।

समस्त शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक सामग्री को देखा इसमें स्मार्ट क्लास एलईडी उपकरण, विज्ञान किट, खेल सामग्री, पुस्तकालय की नवीन पुस्तकें तथा फर्नीचर शामिल रहे। श्री तिवारी ने विद्यालय के दैनिक संचालन, समय-सारणी, शिक्षक उपस्थिति, कक्षा-कक्ष व्यवस्था की स्थिति का गहन जायजा लिया। उन्होंने संचालन व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त को देखकर प्रसन्नता व्यक्ति प्रांगण में पीएम श्री योजना के तहत निर्माणाधीन दो नवीन भवनों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कंप्यूटर ऑपरेटर सुधीर विश्वकर्मा, दमोह एवं शाला प्रधानाध्यापिका श्रीमती सीमा दुबे उपस्थित रहीं। प्रधानाध्यापिका ने विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों, , बाल सभा, इको क्लब एवं कौशल आधारित शिक्षा के प्रयास एवं श्री तिवारी ने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं पीएम श्री के तहत मिली सुविधाओं पर फीडबैक भी लिया। विद्यालय की साफ-सफाई, , दीवार लेखन एवं शिक्षण अधिगम सामग्री के व्यवस्थित उपयोग की सराहना करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि पीएम श्री बम्हौरी पाजी शाला का संचालन अनुकरणीय है। उन्होंने शिक्षक-स्टाफ को टीम भावना से कार्य करते हुए स्कूल को मॉडल विद्यालय बनाने का आह्वान किया। निरीक्षण उपरांत शरद तिवारी ने विद्यालय की समग्र संचालन व्यवस्था, अकादमिक वातावरण पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माणाधीन भवन पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से प्रधानाध्यापिका सीमा दुबे मीना नामदेव, दुर्गेश दुबे ,रुक्मणी ठाकुर ,रजनी लोधी, रितु श्रीवास, अतिथि शिक्षकों में करुणा पाल, ज्ञानेंद्र लोधी उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री करेंगे खर्राघाट धाम एवं सौन्दर्यकरण कार्य का भूमिपूजन

**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी आज 25 अप्रैल को अपराह 04:30 बजे माड़नखेडा एवं श्री शिव शक्ति एकादश महायज्ञ व श्रीमद् भागवत महापुराण में शामिल होंगे। आप शाम 05 बजे माड़नखेड़ा से खर्राघाट (हरदुआ हाथीघाट) प्रस्थान करेंगे और 05:30 बजे खर्राघाट धाम एवं पर्यटन विभाग द्वारा धाम का विकास एवं सौन्दर्यकरण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री लोधी शाम 06:30 बजे जबेरा के वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# कल प्रत्येक कार्यकर्ता सुनेगा मन की बात

### मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन पन्ना अंतर्गत मंडल संगठन

**अमानगंज।** स्थानीय विश्राम अमानगंज में मन की बात आयोजन को बैठक आयोजित की गई बैठक के प्रभारी भारतीय जनता पार्टी जिला कोषाध्यक्ष दशरथ गुप्ता जी रहे बैठक में बताया गया कि यह आयोजन सामूहिक रूप से हर पोलिंग बूथ पर आयोजित हो और संगठन के पार्टी कार्यकर्ता अपना अपना फोटो निर्धारित समय पर मंडल संगठन को उपलब्ध कारण बैठक का संचालन मंडल संगठन की उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी जी द्वारा किया गया आपकी आभार अरविंद जी दुबे द्वारा किया गया बैठक को मुख्य रूप से रामहोरी जी राजपूत मंडल संगठन के उपाध्यक्ष आनंद सिंह जी राजपूत मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण शर्मा राजेंद्र सिंह विवेक भटनागर पंकज परोहा ओंकार तिवारी विजय सक्सेना राम सजीवन सोनी सहित पार्टी संगठन के विभिन्न नेता उपस्थित रहे इस मौके पर बैठक के प्रभारी दशरथ जी गुप्ता के अनुसार बैठक में लगातार अनुपस्थित चल रहे पदाधिकारीयो के विरुद्ध नोटिस की कार्यवाही भी प्रस्ताव में लाई गई जिसका सभी समर्थन करते हुए यह प्रक्रिया बढ़ाने की बात कही ताकि संगठन की बैठकों में लगातार गायब चल रहे पदाधिकारी समय से पार्टी सेवा मे पहुंचे।

# खेर माता मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा



## श्रद्धा में डूबा खमरिया कला गांव

**तेंदूखेड़ा।** समीपस्थ ग्राम खमरिया कला में धार्मिक माहौल के बीच खेर माता मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुबह ग्रामवासियों ने श्रद्धा-भक्ति के साथ भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। वहीं कथा प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भी जारी है, जिसके उपलक्ष्य में यह शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महिलाओं ने केसरिया और पीले रंग की साड़ियां पहनकर उत्साहपूर्वक भाग लिया और कलश यात्रा में शामिल होकर भक्ति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। पूरा गांव भजन-कीर्तन और जयकारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान कथा वाचक पं. उमाशंकर शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा जीवन जीने की सही दिशा दिखाती है और व्यक्ति को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने इसे मोक्षदायिनी गंगा की संज्ञा देते हुए कहा कि जो व्यक्ति इस भवसागर से पार होना चाहता है, उसे भागवत कथा का सहारा लेना चाहिए। कार्यक्रम में आचार्य मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# द्वारिका के वैभव को छोड़कर ब्रज की गलियों में एक साधारण स्त्री बनने को भी तैयार हो गए भगवान - पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नंदी वन मंदिर परिसर में आज से श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई कथा के पूर्व दिव्य कलश यात्रा निकाली गई कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कथा सुनाते हुए भगवान की सहजता सरलता विनम्रता भक्तों के प्रति उनकी भक्ति वत्शलता की कथा को श्रवण कराया उन्होंने कहा कि द्वापर युग में जब भगवान कृष्ण द्वारका के राजा थे तब उनके बचपन के सखा श्रीदामा ब्रज में ही रहते थे समय बीतने पर श्रीदामा के पुत्र का विवाह तय हुआ श्रीदामा ने प्रेमवश अपने सखा कृष्ण को निमंत्रण भेजा लेकिन वे जानते थे कि कृष्ण अब द्वारकाधीश हैं और शायद उनका आना संभव न हो जब विवाह संपन्न हुआ और बहू घर आई तब ब्रज की परंपरा के अनुसार मुँह दिखाई की रस्म शुरू हुई गाँव की गोपियाँ और सखियाँ आकर बहू का मुख देख रही थीं और उसे उपहार दे रही थीं श्रीदामा के मन में एक ही इच्छा थी काश मेरा कन्हैया भी यहाँ होता भक्त की पुकार सुनकर ठाकुर जी कैसे रुक सकते थे कृष्ण ने एक वृद्ध सखी का रूप धरा उन्होंने सिर पर ओढ़नी डाली हाथों में चूड़ियाँ पहनीं और लचकते हुए श्रीदामा के आँगन में पहुँच गए भगवान कृष्ण जो ब्रह्मांड के स्वामी हैं अपनी बहू सखा के पुत्र की पत्नी का मुख देखने के लिए एक साधारण स्त्री बन गए जब ठाकुर जी की बारी आई तो उन्होंने बड़े लाड़ से बहू का घूँघट उठाया उन्होंने उपहार स्वरूप उसे कोई साधारण आभूषण नहीं बल्कि अपनी वह दिव्य मुस्कान और आशीर्वाद दिया जिससे उसका वैवाहिक जीवन धन्य हो गया। श्री शास्त्री ने कहा कि श्रीदामा ने उस वृद्ध सखी की चाल और उसकी आँखों की चमक से उसे पहचान लिया जब श्रीदामा ने मुस्कुराते हुए उनकी ओर देखा तो ठाकुर जी ने इशारे से उन्हें चुप रहने को कहा ताकि लीला का आनंद बना रहे भगवान के लिए कोई भी रिश्ता छोटा नहीं है वे केवल भाव के भूखे हैं अपने सखा के मान को रखने और उनके परिवार की खुशियों में शामिल होने के लिए वे द्वारका के वैभव को छोड़कर ब्रज की गलियों में एक साधारण स्त्री बनने को भी तैयार हो गए।

# जलज नयन सोनी होंगे मगरोन संकुल केंद्र के नए प्राचार्य



**बटियागढ़।** तहसील अंतर्गत आने वाले मगरोन संकुल केंद्र में नवागत प्राचार्य जलज नयन सोनी ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर क्षेत्र के समाज सेवियों, पीएलवी रूपेन्द्र सिंह शिक्षकों, एवं ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने नए प्राचार्य से शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की उम्मीद जताई। जलज नयन सोनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विद्यालय के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और अनुशासन पर विशेष ध्यान देंगे। उन्होंने शिक्षकों से सहयोग की अपेक्षा जताई तथा ग्रामवासियों को भी शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। रूपेन्द्र सिंह ने विद्यालय के शिक्षको एवं क्षेत्र वासियों में उचित समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही जिससे क्षेत्र में भय मुक्त वातावरण निर्मित होगा जो बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतर रहेगा और बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। समारोह मां स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की

# मछुआ समृद्धि योजना के कार्यो की धीमी प्रगति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजना मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत संचालित "स्मार्ट फिश पार्लर" कार्यक्रम में दमोह जिले में कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने अप्रसन्नता जाहिर की है। कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए जिले में कुल 10 स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण हेतु 50 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। इनमें नगर पालिका परिषद हटा में 4, पटेरा में 1, तेन्दुखेड़ा में 1, हिण्डोरिया में 2 तथा पथरिया में 2 पार्लर प्रस्तावित हैं। इसके अलावा, वर्ष 2025-26 में नगर पालिका दमोह के लिए 4 नए पार्लर निर्माण हेतु 20 लाख रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। उन्होने बताया कि अब तक किसी भी निकाय द्वारा एक भी स्मार्ट फिश पार्लर का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, 19 जनवरी को आयोजित कलेक्टर/कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इस विषय पर नाराज़गी व्यक्त की गई थी। इस संबंध में पूर्व में भी संबंधित निकायों को निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री यादव ने जिला विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी कपिल खरे को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि गई कार्यवाही की नियमित जानकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रगति की सतत समीक्षा की जा सके।

# सघन वृक्षारोपण के साथ चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

क्षेत्रीय अधिकारी, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर अरविन्द सावले के सानिध्य एवं माइसेम सीमेंट, नरसिंहगढ़, दमोह प्लांट प्रमुख सुरेश दुबे के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री द्वारा संचालित "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत जमीनी स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सघन वृक्षारोपण अभियान से की गई, जिसमें 100 से अधिक फैक्ट्री के युवा एवं स्थानीय ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात नरसिंहगढ़ ग्राम स्थित सोनार नदी के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 20 बोरियों में पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर सुरक्षित रूप से फैक्ट्री परिसर में लाकर निस्तारित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रमुख अशोक तिवारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई कि वे प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने हेतु स्वयं भी जागरूक रहेंगे और अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे।

मिस्टर तिवारी द्वारा कार्यक्रम से सम्बंधित विस्तृत वक्तब्या के दौरान माइसेम सीमेंट, द्वारा किये जा रहे विभिन्न सराहनीय कार्यों से आगाज़ किया गया साथ ही, क्षेत्रीय कार्यालय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर द्वारा संचालित इस सराहनीय पहल को सफल बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया गया। अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारी श्री विकास कुमार एवं श्री आलोक तिवारी एवं टीम ने विभिन्न गांवों में जाकर चौपाल आयोजित की तथा जन-जागरूकता अभियान चलाया। इस प्रयास से बड़ी संख्या में वृद्धा, युवा, बच्चे एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हुई, जिसके सकारात्मक परिणाम भविष्य में निश्चित रूप से देखने को मिलेंगे। माइसेम सीमेंट द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका लाभ स्थानीय ग्रामीणों को द्वि-फसल सिंचाई के रूप में प्राप्त हो रहा है। इस कारण गांवों में कंपनी के प्रति सकारात्मक और सराहनीय माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण टीम द्वारा बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को सुहाव गांव सरपंच श्री लक्ष्मण सिंह ठाकुर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

उल्लेखनीय है कि "जल गंगा संवर्धन अभियान 2026" मध्य प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक चलने वाला 100 दिवसीय जल संरक्षण अभियान है, जिसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जल निकायों के पुनरुद्धार, 10,000 से अधिक चेक डैम के जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु प्रारंभ किया गया है। जनभागीदारी पर केंद्रित इस अभियान का उद्देश्य राज्य को जल-समृद्ध बनाना है।

### भीषण गर्मी के चलते कलेक्टर ने लिया निर्णय

# पांचवीं तक के विद्यार्थियों का 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



इन दिनों आसमान से आग बरस रही है जिससे लोगो का जीना मुहाल हो गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर श्री यादव ने दमोह जिले के सभी शासकीय / आशासकीय, केंद्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय/ सी.बी.एस.ई. के प्री-प्रायमरी से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 30 अप्रैल 2026 तक अवकाश किया घोषित। तापमान 42°C से अधिक होने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखकर यह निर्णय लिया गया है। शिक्षक निर्धारित समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है अप्रैल माह में गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री से अधिक रहा वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। आमजनमानस का गर्मी से बुरा हाल है। कूलर पंखे भी गर्मी से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहे है। दिन में सड़को पर सन्नाटा पसरा रहता है। स्वास्थ्य विभाग ने भी लू से बचाव हेतु सावधानियॉ अपनाकर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखने की अपील की है।

## सावधान रहने की अपील

स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुये दमोह जिले के समस्त नागरिकों से आग्रह किया है कि बढ़ती गर्मी एवं लू के प्रभाव को गंभीरता से लें। तथा आवश्यक सावधानी अपना कर स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। डॉ. अठया ने बताया कि लू एक गंभीर स्वास्थ्य स्थिति है जिसमें अत्याधिक गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40 अंश सेल्सियस या 104 फेरेनहाइट या उससे अधिक हो जाता है। और इस दौरान उसके मन में भ्रम, चक्कर या बेहोशी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। यदि समय पर उपचार न मिले तो यह स्थिति जानलेवा भी हो सकती है। जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बंद कर सकती है। तेज सिरदर्द एवं बुखार, चक्कर आना, उल्टी या मतली, अत्यधिक पसीना अथवा पसीना बंद होना, शरीर में कमजोरी एवं ऐंठन, नाड़ी का असामान्य होना, बेहोशी या मानसिक भ्रम होना।

## क्या करें ?

घर से बाहर निकलने के पहले भरपेट पानी अवश्य पियें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपडे पहनें। धूप में निकलने से बचें। कूलर या एयर कंडीशन से धूप में एकदम न निकले। धूप में निकलते समय अपना सिर ढँक कर रखें। टोपी, कपड़ा अथवा छतरी का उपयोग करें। पानी, छॉछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें।

## ध्यान रखें लू के लक्षण हो तो

प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादांर या ठंडी जगह पर लिटायें। व्यक्ति के कपडे ढीले करें। शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करें। तापमान घटाने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां सिर, गर्दन एवं शरीर पर रखें। उसे पेय पदार्थ नीबू पानी, कच्चे आम का पना आदि पिलायें। स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाकर चिकित्सकीय परामर्श अनुसार उपचार लें।

### नियमों की अनदेखी या विभाग की मेहरबानी?

# गुबरा में 30 मीटर के दायरे में चल रहीं दो देशी शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



दमोह जिले के सिंग्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुबरा में आबकारी नियमों की खुली अनदेखी का मामला सामने आया है। यहां मात्र 30 मीटर की दूरी में दो देसी शराब दुकानें संचालित हो रही हैं, जबकि नियमानुसार इन दुकानों के बीच कम से कम 300 मीटर की दूरी अनिवार्य है। एक अप्रैल से जिले में नए शराब ठेके शुरू किए गए हैं। नियमों के तहत अलग-अलग स्थानों पर "A" और "B" दुकानें संचालित की जाती हैं, जिनके बीच पर्याप्त दूरी होना जरूरी है। लेकिन गुबरा में दोनों दुकानें बेहद कम दूरी पर संचालित हो रही हैं, जिससे विवाद की स्थिति बन गई है।

## दोनों पक्षों के अलग-अलग दावे

शराब दुकान "A" के मैनेजर ताराचंद राय का कहना है कि उनकी दुकान मझौली रोड पर लाइसेंस अनुसार प्रस्तावित है, जबकि दूसरी दुकान जबरन खोली गई है। वहीं "B" दुकान के सेल्समैन अजय रैकवार का दावा है कि उनकी दुकान पिछले दो वर्षों से उसी स्थान पर संचालित हो रही है और उनके पास वैध लाइसेंस व नक्शा मौजूद है। उनका कहना है कि दूसरी दुकान नियमों का उल्लंघन कर रही है।

## आबकारी विभाग पर सवाल

मामले की जानकारी मिलने पर आबकारी टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण तो किया, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट निर्णय या कार्रवाई सामने नहीं आई है। टीम द्वारा केवल समझाइश देकर लौट जाने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। जब नियम स्पष्ट हैं, तो 30 मीटर में दो दुकानें कैसे संचालित हो रहीं? निरीक्षण के बाद भी विभाग कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा? गुबरा में संचालित दोनों शराब दुकानों के बीच दूरी को लेकर जारी विवाद और विभाग की निष्क्रियता से शासन की नीतियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना होगा कि आबकारी विभाग इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है।

जिला आबकारी अधिकारी रविंद्र खरे से जब इस संबंध में बात करनी चाहिए और विभाग का पक्ष रखना चाहा तो उनके द्वारा बार-बार कॉल करने के बावजूद भी कर रिसीव नहीं किया गया।

# बिजोरी गांव में दूल्हे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

### गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



विगत दिनों बिंदोरी गांव में अनुसूचित जाति के दिव्यांग दूल्हे को घोड़े से उतारकर मारपीट करने के गांव के ही चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिला पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भदौरिया के निर्देशन, हटा एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा टीआई सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम बिजोरी पाठक गांव में अनुसूचित जाति के दिव्यांग दूल्हे की घोड़ी पर बैठकर गांव में रछवाई निकाली जा रही थी उसी दौरान गांव के कुछ दबंगों ने दूल्हें को घोड़े पर बैठनें से मना किया और गाली गलौज करते हुए लोधी मोहल्ला पंहुचते ही दूल्हे को घोड़े से उतारकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी वहीं दूल्हे की बहिन द्वारा विरोध करने पर उसके साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट कर दी और उसके हाथ से पूजा की थाली छुड़ाकर फेंक दी। जिस घटना से दूल्हे के परिजनों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया था। घटना उपरांत रिश्तेदार व परिजन दूल्हे को साथ लेकर पुलिस थाना हटा पहुंचे जहां थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी गई थी जहां परिजनों के कथनों के आधार गांव के चार लोगो के खिलाफ हरिजन एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। तब से चारों आरोपी फरार चल रहे थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश कर ने क्षेत्र में जगह-जगह दबिश दी जा रही थी जहां गुरुवार को आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों में गुप्पु उर्फ गोपाल पिता हुकुम सिंह लोधी (32 वर्ष), बिच्छू उर्फ विश्वनाथ पिता हुकुम सिंह लोधी (38 वर्ष), चिन्नू उर्फ जगदीश पिता कमोदी सिंह लोधी (23 वर्ष) तथा पलटू उर्फ लक्ष्मण पिता मूरत सिंह लोधी (19 वर्ष), निवासी ग्राम बिजोरी पाठक शामिल है जिनके विरुद्ध अपराध क्र. 182/26 126(2), 296 (जी), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस, 3 (1) द, ध 3 (2) 5 क एससीएसटी एक्ट, धारा 3(1) ई 3(1) (जेड ए) बी एससीएसटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर दमोह न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी गैसाबाद सौरभ शर्मा, उपनिरीक्षक नरेंद्र तिवारी, एएसआई अरविंद राय, प्रधान आरक्षक महेंद्र बाबू, अनिल गौतम, पवन पटेल सहित पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

# बिजली बिल बकायादारों के वाहन जप्त किए

**दमोह**। दमोह शहर में बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विभाग ने अब सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बिजली विभाग के अनुसार दमोह शहर में करीब 7 हजार उपभोक्ताओं पर लगभग 4 करोड 68 लाख रुपए का एरियर बकाया है। कार्यपालन अभियंता एम.एल साहू ने बताया विभाग द्वारा लगातार कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन कई उपभोक्ता अवैध रूप से अन्य स्थानों से लाइन जोड़कर या अनाधिकृत व्यक्तियों से लाइन जुड़वां कर बिजली का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे मामलों में विभाग ने सख्ती दिखाते हुए चार नामजद अनाधिकृत रूप से लाइन से छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस में जांच के लिए दिया गया है। उन्होने बताया वहीं जिन उपभोक्ताओं ने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया और जुगाड़ से बिजली का उपयोग कर रहे है उनके खिलाफ भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 146 एवं 147 के तहत आरआरसी नोटिस जारी कर कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अधीक्षण अभियंता के निर्देशन में आज 24 अप्रैल को विभाग की टीम ने फीडर नंबर 24 में माया/देवेन्द्र जाटव शिवशिक्ति मंदिर के पास जिनके बिजली बिल पर बकाया राशि 64000 रूपयें तथा दयाशंकर/ डल्लू प्रसाद अहिरवार निवासी मल्लडपुरा नया बाजार नंबर 4 के बकाया बिजली बिल की राशि 42178 रूपयें होने पर कार्यवाही करते हुए दो नंबर वाहनों को जब्त किया गया।

### भीषण गर्मी में प्यास से मर रहे जंगली जानवर एवं पशुधन

# जल संसाधन विभाग जबेरा द्वारा अवैध तरीके से करवाई जा रही खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा नगर में इस समय अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल संसाधन विभाग जबेरा के एसडीओ एवं कर्मचारियों के द्वारा जबेरा तहसील के सभी तालाबों में डूब क्षेत्र में खेती करवाई जा रही है। जबकि धारा 64 के अंतर्गत यह पूर्णत प्रतिबंधित है। लेकिन लेनदेन करके ऐसा हो रहा है। जबेरा के पास बंदर कोला तालाब में खेती करवाई जा रही है। मोटर पंप रखे हुए हैं एवं झटका तार लगा हुआ है। करंट वाला तार तालाब की चारों ओर लगा देने से जंगली जानवर एवं गोवंश पानी के अभाव में प्राण त्यागने को मजबूर हैं परंतु अधिकारी कर्मचारी के कानों में जू भी नहीं रेंग रही है। यह पानी भी कुछ दिन बाद खत्म जाएगा। तब मवेशी जानवर कहां पर पानी पियेंगे एवं झटका तार लगने से गोवंश को भी हानि हो सकती है। इसी तरह जलहरी तालाब में भी डूब क्षेत्र में बड़े रूप में खेती की जा रही है। वहां भी झटका तार लगाया गया है। आने वाले समय में यहां का पानी भी खत्म हो सकता है पूरे गांव का निस्तार यहां चलता है तीन-चार गांव के मवेशी गोवंश पानी पीने आते है यहां भी फेंसिंग झटका तार लगाया गया है यह सब कार्य अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है भ्रष्टाचार के द्वारा हो रहा है जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने कलेक्टर महोदय से मांग की है ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए अन्यथा उनके खिलाफ में बहुत बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

संभाग स्तरीय शिक्षा विभाग की 50 प्लस आयु का बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था उक्त प्रतियोगिता में शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय बाजपेई ने जीत दर्ज कर प्रथम रैंक प्राप्त कर जबेरा के साथ-साथ दमोह जिले का नाम रोशन किया। अब संजय बाजपेई जी राज्य स्तर पर सागर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। संजय बाजपेई के साथ साथी खिलाड़ी शोएब खान परमलाल अहिरवार सुनील यादव अब्दुल रज्जाक म अहिरवार एवं बलराम पटेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर फाइनल जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। टीम की इस जीत पर उनके साथ ही शिक्षकों जिला शिक्षा अधिकारी सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।



# परीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिए कड़े सुरक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को जिले के चार परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा ओएमआर पद्धति से दो सत्रों में आयोजित होगी- प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय सत्र दोपहर 2:15 बजे से 4:15 बजे तक रहेगा। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए चार शैक्षणिक संस्थाओं को परीक्षा केंद्र के रूप में चयनित किया गया है, जिनमें शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय दमोह, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह तथा शासकीय ईएफए जे.पी.बी.क. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह शामिल हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी से कहा है कि परीक्षा शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न कराई जाए। इसके लिए 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से परीक्षा समाप्ति तक सभी परीक्षा केंद्रों पर एक-चार की पुलिस गार्ड (कम से कम एक महिला पुलिसकर्मी सहित) तैनात की जाए। 26 अप्रैल को जिला कोषालय से परीक्षा सामग्री सुबह 7:30 बजे और दोपहर 12:30 बजे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए गठित दो अलग-अलग दलों के साथ एक-एक सशस्त्र पुलिसकर्मी तैनात किए जाए। परीक्षा समाप्ति के बाद गोपनीय सामग्री को सुरक्षित रूप से इंदौर स्थित लोक सेवा आयोग कार्यालय भेजा जाएगा। इसके लिए शाम 06 बजे विशेष वाहन से सामग्री भेजने हेतु गठित दल के साथ एक-चार सशस्त्र पुलिस गार्ड की ड्यूटी जिला कोषालय में लगाई जाए।

# भीषण गर्मी में सगोनी रेलवे स्टेशन पर पेयजल की गंभीर समस्या




**दमोह**। जिले के अंतर्गत आने वाले सगोनी रेलवे स्टेशन पर इस भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों के लिए पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने का गंभीर मामला सामने आया है। लगातार बढ़ते तापमान के बीच स्टेशन पर पानी की उपलब्धता न होने से यात्रियों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल असुविधाजनक है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा उत्पन्न कर सकती है। इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से रेलवे विभाग के संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर द्वारा संज्ञान लेते हुए मामले को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही गई है तथा आवश्यक जानकारी मांगी गई है। प्रशासन एवं रेलवे विभाग से मांग करते हैं कि— सगोनी रेलवे स्टेशन पर तत्काल पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। यात्रियों के लिए स्थायी पानी की सुविधा (कूलर/वाटर बूथ) सुनिश्चित की जाए। गर्मी के मौसम में अतिरिक्त अस्थायी जल व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाए। यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए गंभीर विषय बन सकता है।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने लगाई फांसी

**तेंदूखेड़ा**। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैलवाड़ा ग्राम में अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार की सुबह 4 बजे शौचक्रिया करने गए। युवक का शव गांव के बाहर एक महुआ के पेड़ से लटकता हुआ मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को लगी तो वह मौके पर पहुंचे और पुलिस सूचना दी गई परिजनों द्वारा बताया गया। प्रीतम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी सैलवाड़ा थाना तेंदूखेड़ा है जो कि सुबह शौचक्रिया करने के लिए निकला था लेकिन सुबह उसका शव पेड़ पर लटकता हुआ मिला है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतरकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेन्दूखेड़ा भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुल के अनुसार मामला अभी अज्ञात है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्रं./स्टोर/निविदा/2026/128 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 24/04/2026

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है, इस हेतु लमसम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_502982_1 25-04-2026 | 80 नग डस्टबिन क्रय (दिये गये स्पेशिफिकेशन अनुसार) | 1- 15 दिवस 2- 7.88 लाख | 1- 2000.00 2- 8000.00 | 11-05-2026 |

नोट :- (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह

## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्रं./निविदा/2026/127 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 24/04/2026

केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली के अंतर्गत 'म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु लमसम आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि (वर्षाकाल सहित) एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_502956_1 25-04-2026 | नगर पालिका परिषद कार्यालय के पास स्थित पानी की टंकी तोड़ने का कार्य | 1- 01 माह 2- 3.00 लाख | 1- 2000.00 2- 3000.00 | 11-05-2026 |

नोट :- (1) निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। (2) निविदाकार अपनी दरे लमसम आधार पर जी.सी.टी सहित प्रस्तुत करें पृथक से जी.सी.टी. राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा। देयक से नियमानुसार करों की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा, जिला दमोह